(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त गाड़ियों के यात्रियों ने इस संबंध में अनुरोध करते हुए सरकार को एक ज्ञापन दिया है कि ये गाड़ियां पहले की भांति वी.टी. तक चलाई जाएं; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) केवल सह्याद्री एक्सप्रेस दादर में समाप्त होती है।

(ख) सवारी डिब्बों में वृद्धि के कारण, जिन्हें बम्बई वी.टी. पर सम्हाला नहीं जा सकता।

(ग) और (घ) सह्याद्री एक्सप्रेस को बम्बई वी.टी. तक चलाने की मांग की गयी है। क्योंकि इससे सवारी डिब्बों की संख्या में कमी करना अपेक्षित हो जायेगा, इसलिए इसे वांछनीय नहीं समझा गया है।

इंडियन एयरलाइन्स द्वारा ग्राहक सेवाओं में सुधार

263. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन एयरलाइन्स में ग्राहक सेवाओं में सुधार करने के लिए हाल ही में कोई विशेष उपाय किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इंडियन एयरलाइन्स में विमानों की संख्या बढ़ाए जाने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) जी हां।

(ख) यात्री सेवाओं में सुधार करने के लिए इंडियन एयरलाइन्स ने निम्नलिखित उपाय किए हैं:–

– विक्रय केन्द्रों की संख्या में वृद्धि।

– यात्रियों की विशेष हैंडलिंग आवश्यकताओं को देखने के लिए सभी प्रमुख हवाई अड्डों पर सुविधा काउंटर लगाना।

– उड़ान सूचना के प्रसार में सुधार करना।

– उड़ानगत खान-पान सुविधाओं पर अधिक ध्यान देना।

– उड़ानों की समय पाबंदी पर निगरानी रखना और विलंबित/विच्छिन्न उड़ानों को ठीक तरह से चलाना।

– कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर निरन्तर जोर देना।

(ग) और (घ) इंडियन एयरलाइन्स वर्ष 1989–90 के दौरान जून, 1989 से विभिन्न चरणों में 19 एयरबस ए–320 विमान प्राप्त करना शुरू कर देगा।

वाराणसी से तिरुपति और कन्याकुमारी तक सीधी रेल सेवायें

264. **डा० रत्नाकर पांडेय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाराणसी से तिरुपति तक सीधी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो वाराणसी और तिरुपति के बीच सीधी रेल सेवा कब तक आरम्भ किए जाने की सम्भावना है; और

(ग) वाराणसी से कन्याकुमारी के बीच भी सीधी रेल सेवा कब तक आरम्भ किए जाने की सम्भावना है?